आकाशवाणी चंडीगढ़

04 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को विकास और अवसरों के जीवंत केन्द्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण पर बल दिया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में मातृशक्ति को समर्पित माँ शब्द के 51 फुट विराट व अद्‌भुत स्वरूप की आधारशिला रखी।
- भारत में गरीबी दर में कमी आई।
- हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा है कि छात्रा आत्महत्या के मामले की जांच बारीकी से की जाएगी।
- दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद जी सिंह के प्रकाश पर्व पर तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में शुरू हुआ।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में नगर कीर्तन निकाले गए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को विकास और अवसरों के जीवंत केन्द्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण पर बल दिया है।

श्री मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों के लोगों को सशक्त बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के इरादों, नीतियों और निर्णयों से ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा आ रही है।विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण विषय पर आयोजित यह महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में मातृशक्ति को समर्पित माँ शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप की नींव रखी।इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में स्थापित शक्तिपीठ पर मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति और उन्नति के लिए कामना भी की। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व प्रसिद्घ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में 'माँ' शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप के निर्माण से मंदिर की महिमा और बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इस मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु माँ के इस महा गौरव स्थल से प्रेरणा लेकर जाएंगे।मुख्यमंत्री ने माँ को समर्पित महा गौरव स्थल परियोजना के मॉडल का अवलोकन किया और दस्तावेजी फिल्म के माध्यम से परियोजना की बारीकियों की जानकारी ली।

****

भारत में गरीबी दर में कमी आई है। भारतीय स्टेट बैंक ने उपभोग व्यय सर्वेक्षण पर शोध किया है जिसके अनुसार देश में वित्त वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी दर 25 दशमलव सात प्रतिशत थी, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में से घट कर चार दशमलव 86 प्रतिशत हो गई है। पिछले बारह वर्षों में शहरी गरीबी 13 दशमलव सात प्रतिशत से घट कर चार दशमलव शून्य नौ प्रतिशत रह गई है।रिपोर्ट से पता चलता है कि ग्रामीण गरीबी में तेज गिरावट की वजह कमजोर वर्ग में सरकारी समर्थन से उपभोग बढ़ना है। ग्रामीण और शहरी प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय के बीच का अंतर अब 69. 7 दशमलव सात प्रतिशत तक कम हो गया है। यह सुधार मुख्य रूप से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण आजीविका में उल्लेखनीय सुधार जैसी सरकारी पहलों के कारण है।शोध के अनुसार शहरी गरीबी में और भी कमी आ सकती है

****

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा है कि छात्रा आत्महत्या के मामले की बारीकी से जांच की जाएगी।उन्होंने छात्रा के परिजनों से घर जा कर जानकारी ली है और भिवानी के गांव सिंघानी स्थित महिला कॉलेज में जाकर स्टाफ सदस्यों से इस मामले में पूछताछ भी की है।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा है कि इस मामले को लेकर पूरा विवरण जुटाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मृतक बेटी को

न्याय दिलाया जाएगा और मामले को किसी भी सूरत में दबने नहीं दिया जाएगा।

****

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने जींद के नागरिक अस्पताल में स्पाइरोमिटर मशीन उपलब्ध करवाई है। जिससे जिले में अस्थमा के मरीजों की पहचान और उनका उपचार करना आसान हो गया है।

डॉ विनीता ने बताया कि इस मशीन से रोगियों की जांच की जा रही है।

****

दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह का तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव आज से पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में शुरू हुआ।प्रकाश उत्सव प्रभातफेरी निकालने के साथ शुरू हुआ। आज हरियाणा और चंडीगढ़ में भी नगर कीर्तन निकाले गए। गुरु गोबिन्द सिंह जी के चरणों का स्पर्श प्राप्त पंचकूला के गुरद्वारा नाडा साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया।

अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बादशाही बाग से नगर कीर्तन निकाला गया जो विभिन्न बाजारों और चौराहों से होता हुआ शाम को गुरुद्वारा मंजी साहिब में संपन्न हुआ। गुरुद्वारा बादशाही बाग में गुरु जी ने चिड़िया के साथ बाज लड़ाया लगाया था।

****

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का चुनाव 19 जनवरी को होगा। मतदान सुबह 8 से सायं 5 बजे तक करवाया जाएगा।पानीपत में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के निर्वाचन अधिकारी ब्रह्म

प्रकाश ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण व पारदर्शिता पूर्वक कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सभी बूथों पर ईवीएम का प्रयोग होगा। इसमें नोटा का भी प्रावधान है। गौरतलब है कि चुनाव के लिए 40 वार्ड बनाये गए हैं.और फ़िलहाल लगभग 2 लाख 84 हज़ार सिखों ने चुनाव के लिए मतदाता सूची में अपने नाम पंजीकृत करवाया है। उन्होने बताया कि 10 जनवरी तक संबंधित विभाग में वोट बनवायें जा सकते है।